



# बिल्डरों ने कॉलोनियों में मुहैया नहीं कराई सुविधाएं

**287** शिकायतें आईं विशेष जनसुनवाई में

**40** बिल्डरों को सख्त लहजे में एडीएम ने दी हिदायत



नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 9 जुलाई. कलेक्टर कार्यालय में गुरुवार को शहर की कॉलोनियों की समस्याओं को लेकर विशेष जनसुनवाई की गई. सुनवाई के दौरान 287 आवेदन आए,जिनमें लगभग 20 प्रतिशत कोलार तहसील क्षेत्र से बिल्डरों से पीड़ितों के थे.**

सुनवाई करते हुए एडीएम सुमित कुमार पांडे ने कोरल कासा सहित पांच बिल्डरों को मोबाइल पर सूचना देकर बुलाया और पीड़ितों की समस्याओं का निराकरण कराया. इसी तरह 20 आवेदकों की समस्याओं का निराकरण कराया गया. सुनवाई के दौरान एडीएम ने लगभग 40 बिल्डरों से संपर्क किया और समस्याओं को जल्द निराकरने की हिदायत देते हुए फटकार लगाई. सर्वाधिक शिकायतें कॉलोनियों में सड़क, पेयजल, बिजली और बिल्डरों द्वारा राशि प्राप्त करने के बावजूद मकानों का कब्जा नहीं देने तथा विकास कार्य अधूरे छोड़ने की शिकायतें थीं झअयोध्या एक्सटेंशन कॉलोनी के रहवासी अशोक कुमार रावत ने बताया कि 40 साल पहले प्लॉट बावड़िया कला स्थित दूरसंचार कॉलोनी में खरीदा था. विकास बोंद्रिया ने मेरे प्लॉट के सामने लोहे का गेट और शादी हॉल भी बना दिया है, जिससे प्लॉट पर जाने का रास्ता बंद हो गया है. बैरागढ़ चिचली में स्थित गंगा हाईट फेस-2 के आधा दर्जन रहवासी जनसुनवाई में पहुंचे. उन्होंने एडीएम सुमित कुमार पांडे को बताया कि कॉलोनी में लगभग 70 परिवार हैं. श्रीराम कालोनाइजर ने निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए. कॉलोनी में किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं है.

### सोसायटी को नहीं सौंपी कॉलोनी

नर्मदापुरम रोड पर स्थित ईशान ग्रांड स्टेट कॉलोनी में टीएंडसीपी नक्शे में दर्शाये अनुसार शॉपिंग कॉम्पलेक्स गेट के बाहर है. जिसे रहवासी क्षेत्र में बनाया जा रहा है. पार्क की भूमि पर मंदिर का निर्माण कर दिया. इसके अलावा सीवेज, बिजली लाइन, रोड का मेंटेनेंस, गार्डन और खाली प्लॉट के रखरखाव और साफ-सफाई नहीं की जा रही है. बिल्डर को वर्ष 2017 में कार्य कर कॉलोनी सोसायटी के सौंपा जानी थी,जो अभी तक नहीं सौंपी गई. बिल्डर अन्य विकास कार्यों के नाम से 9 करोड़ रुपए कॉलोनीवासियों से ले चुका हैं. एडीएम ने बिल्डर को बुलाकर जल्द ही कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया.

### फिरदौस नगर में सीवेज की समस्या

डीआईजी बंगला क्षेत्र में स्थित फिरदौस नगर बीडीए कॉलोनी निवासी राम अग्रवाल ने जनसुनवाई में बताया कि कॉलोनी बीडीए ने निर्मित की है. यहां पर सीवेज की लाइन फूटी हुई है जिससे गंदा पानी सड़क और गलियों में कहता रहता है. जिसकी शिकायत नगर निगम में कई बार कर चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है.

## शहर की 5 मल्टीलेवल पार्किंग बनीं कैशलेस

**भोपाल.** नगर निगम ने शहर में 5 मल्टीलेवल पार्किंग को हाईटेक कर कैशलेस कर दिया है. जिससे मल्टीलेवल पार्किंग में पार्क होने वाले वाहनों को बूम बैरियर पर लगे कैमरे के माध्यम से ट्रेस कर पार्किंग शुल्क का भुगतान यूपीआई के माध्यम से लिया जाएगा. पार्किंग स्थलों पर हाईटेक एवं कैशलेस व्यवस्था करने वाला भोपाल नगर निगम देश का पहला नगरीय निकाय बन गया है. निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा निगम की राजस्व वसूली सहित अन्य भुगतान प्रक्रियाओं को कैशलेस बनाने में एक नया कदम बताया है. इस व्यवस्था से सभी मल्टीलेवल पार्किंग स्थलों पर पार्किंग शुल्क का नगद भुगतान प्रतिबंधित कर दिया गया है.

# कटारा में नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप

- एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल,9 जुलाई. कटारा हिल्स इलाके में मानसिक रूप से कमजोर एक नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है. दुष्कर्म के आरोपी दो लड़के भी नाबालिग बताए जा रहे हैं. आरोपियों ने घटना का एक वीडियो भी बनाकर वायरल कर दिया.**


शिकायत सामने आने पर पुलिस ने एक नाबालिग को पकड़ा लिया है. आरोपी का दूसरा साथी अभी फरार है. जानकारी के मुताबिक मानसिक रूप से कमजोर 16 साल की नाबालिग के साथ नाबालिग दो आरोपियों ने करीब एक सप्ताह पहले गैंगरेप किया था.

घटना का वीडियो भी बनाकर आरोपियों ने वायरल कर दिया. नाबालिग के परिजनों को इसकी भनक मिली तो थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत कर दी. पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया है. पुलिस के सामने आई जानकारी के मुताबिक आरोपी लड़के कई दिनों से नाबालिग से दोस्ती करने के लिए उसका पीछा भी कर रहे थे. बीते एक जुलाई को नाबालिग, जब अपने घर के पास अकेली खड़ी थी. आरोपी लड़कों ने बहाने से नाबिलग को बुलाकर एक स्कूल के पीछे लेकर गए और उसके साथ दुष्कर्म किया. आरोपियों ने इसका एक वीडियो भी अपने मोबाइल में बना लिया.

### पुलिस कर रही है मामले की जांच

नाबालिग ने भी इस घटना का जिक्र उस दौरान अपने परिजनों से नहीं किया था. कटारा हिल्स थाना पुलिस ने मामले में गैंगरेप, पॉक्सो एक्ट और आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. फरार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं.

# मंदिर से मूर्तियां हटाए जाने पर नाराजगी



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 जुलाई. घोड़ा नक्कास स्थित प्राचीन कमाली मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियों को अन्य स्थान पर स्थापित किए जाने से श्रद्धालुओं में भारी नाराजगी फैल गई. बिना सार्वजनिक सूचना के गुरुवार सुबह जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे.**

श्रद्धालुओं को मूर्तियां अपने स्थान पर नहीं मिलीं. जानकारी लेने के प्रयास के बावजूद उन्हें तत्काल कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला. दोपहर करीब 2:30 बजे मोहल्ले की सैकड़ों महिलाएं और पुरुष मंदिर परिसर में एकत्र हुए. इस दौरान महेंद्र राजू महाराज ने बताया कि मूर्तियों को अन्य स्थान पर ले जाकर उनकी स्थापना कर दी गई है. यह जानकारी मिलने के बाद श्रद्धालु संबंधित स्थान पर पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि मूर्तियों की स्थापना पहले ही की जा चुकी है.

### लोगों ने जताया कड़ा विरोध

बिना श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को विश्वास में लिए इस तरह मूर्तियों को दूसरी जगह स्थापित किए जाने पर लोगों ने कड़ा विरोध जताया. इसके बाद श्रद्धालुओं ने सभी माताजी की मूर्तियों एवं पिंडियों को स्वयं उठाकर पुनः उनके मूल स्थान, प्राचीन कमाली मंदिर में स्थापित किया. मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रस्ट समिति से मांग की कि भविष्य में इस प्रकार का कोई भी निर्णय स्थानीय श्रद्धालुओं को विश्वास में लेकर ही लिया जाए, ताकि धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे और ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो. इस दौरान हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के महामंत्री विवेक साहू, मंडल अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर, सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही.

## बागमुगालिया क्षेत्र में हटाया अतिक्रमण

**भोपाल.** राजधानी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रशासन द्वारा लगातार की जा रही है. इसी क्रम में गुरुवार को कोलार तहसील क्षेत्र के बागमुगालिया में शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया. यह कार्रवाई तहसीलदार और नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दल ने संयुक्त रूप से की.कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से लगाए गए बांस-बल्ली, अस्थायी टपरे, ठेले और गुमटियां हटाई गईं. वहीं नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण कर बनाई गई अवैध दीवारें, चबूतरे और छप्परों को भी तोड़ा. इसके अलावा मार्ग में बाधा बन रहे चारपहिया वाहन, आइसक्रीम की गाड़ियां भी हटाई गईं.

# जेपी में आउटसोर्स कर्मचारियों का शोषण

- कलेक्टर रेट से आधा मिल रहा वेतन

**04** महीने से नहीं मिला वेतन




नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 9 जुलाई.जयप्रकाश जिला अस्पताल में करीब 150 आउटसोर्स कर्मचारियों को पिछले 4 महीने से वेतन नहीं दिया गया है. कर्मचारियों की बड़ी मशक्कत के बाद इस महीने उन्हें केवल एक महीने का वेतन दिया गया है. जबकि 3 महीने का वेतन अब भी बकाया है.**

वहीं अस्पताल में विशेष नवजात शिशु देखभाल विभाग के करीब 18 कर्मचारियों का अब भी 4 महीने का वेतन बकाया है. आउटसोर्स पर काम करने वाले इन कर्मचारियों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि सालों से ऐसा ही चलता आ रहा है. पहले तो कई महीने तक वेतन नहीं मिलता और जब कुछ महीने का मिलता भी है तो कलेक्ट्रेट रेट का आधा मिलता है.

बता दें अर्धकुशल श्रेणी के कर्मचारियों का निर्धारित कुल वेतन 13 हजार 421 है. जबकि किसी कर्मचारी को महीने के सिर्फ 6 हजार रुपए मिलते हैं, तो किसी को 7 या 8 हजार रुपये दिये जाते हैं. वहीं कुछ कर्मचारियों ने बताया कि नियम अनुसार उनका पीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) भी नहीं काटी जाती और खाते में पीएफ की राशि शून्य है. बता दें अस्पताल की व्यवस्था संभालने वाले इस अमले में हर वर्ग के कर्मचारी शामिल हैं.इनमें साफ सफाई कर्मी, आया, वार्ड बॉय, कंप्यूटर ऑपरेटर और अन्य स्टाफ शामिल हैं. वहीं कुछ कर्मचारियों ने दर्द बयां करते हुए कहा कि महंगाई के दौर में महज 6 या 7 हजार रुपए में पूरे महीने का घर खर्च चलाना, बच्चों की स्कूल फीस भरना और राशन का इंतजाम करना पूरी तरह असंभव हो चुका है.ऐसे में परिवार को भुखमरी से बचाने की मजबूरी में इतने कम रुपयों में भी दिन रात काम करने को मजबूर हैं.

> कर्मचारियों को वेतन देने वाली कंपनी का टेंडर बदल दिया गया है. पिछली कंपनी ने हाल ही में कर्मचारियों का वेतन रिलीज किया हैं. जिसमें कुछ को फरवरी और कुछ को मई तक का वेतन मिला है. ऐसे में टेंडर कंपनी जब तक कर्मचारियों का पूरा वेतन नहीं दे देती. कंपनी का भी भुगतान नहीं किया जायेगा.
>
> **डॉ. संजय जैन,** सिविल सर्जन जेपी अस्पताल

# 12 जुलाई को होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे मुख्य अतिथि




**भोपाल, 9 जुलाई. नवप्रयास सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति 12 जुलाई को उत्कृष्ट छात्रों का प्रतिभा सम्मान समारोह करने जा रही है. समोराह में दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में निवासरत छात्रों का सम्मान किया जाएगा.**

समारोह में एमपी बोर्ड और सीबीएससी बोर्ड के सभी छात्र जो 85 प्रतिशत अंक या उससे अधिक प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया जाएगा. यह आयोजन रविंद्र भवन में किया जा रहा है जिसमें दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक भगवानदास सबनानी और मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मोहन यादव रहेंगे. इस वर्ष भी आयोजित होने वाले तीसरे प्रतिभा सम्मान समारोह में लगभग 550 प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा.

इसके अतिरिक्त खेल, साहित्य, संगीत, नृत्य, चित्रकला, रंगमंच, विज्ञान, तकनीकी नवाचार, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा.

## गंदगी फैलाने वालों से 31 हजार 900 रुपये जुर्माना वसूला

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 9 जुलाई.** नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अभियान चलाया जा रहा है. इसी अभियान के तहत गंदगी फैलाने, सिंगल-यूज़ प्लास्टिक एवं पॉलीथीन का उपयोग करने तथा सी एंड डी (कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन) वेस्ट सड़कों पर फेंकने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई. निगम अमले ने शहर के विभिन्न जोन क्षेत्रों में 114 प्रकरणों में कुल 31,900 रुपये का जुर्माना वसूला.

# नौकरी दिलाने के नाम पर 40 लोगों से की ठगी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल,9 जुलाई. शहर में बेरोजगार युवाओं से ठगी करने वाले आरोपी को कमला नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी बेरोजगार युवाओं से लाखों रुपए की ठगी की वारदात कर चुका है. मामले की शिकायत आने पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को पकड़ा.**

आरोपी खुद को करणी सेना का पूर्व जिला अध्यक्ष बताकर ठगी की वारदात कर चुका है. उस पर आरोप है कि करीब 40 युवकों के साथ उसने ठगी की वारदात कर लाखों रुपए की कमाई की है. जानकारी के मुताबिक आरोपी आशु कुमार खुद को करणी सेना का पूर्व भोपाल जिला अध्यक्ष लोगों से बताता था. वह फर्जी नियुक्ति पत्र देकर बेरोजगार युवाओं को निशाना बनाता था. आरोप है कि उसने 3 से 5 लख रुपए में नगर निगम का फर्जी नियुक्ति पत्र बेचा.

इसका खुलासा तब हुआ एक युवक नियुक्ति पत्र लेकर कमिश्नर कार्यालय जॉइनिंग के लिए पहुंचा. पत्र की जांच करने पर पाया गया नियुक्ति पत्र फर्जी था. फरियादी पवन कुमार ने मामले की पुलिस में शिकायत की, जिसके बाद आशू कुमार को गिरफ्तार किया गया.

## स्कूल वैन बिजली के खंभे से टकराई

**भोपाल.** कोहेफिजा इलाके में गुरुवार को एक गर्ल्स स्कूल की वैन अनियंत्रित होकर कोहेफिजा थाने के सामने एक बिजली के खंभे से टकरा गई. हादसे के दौरान सड़क पर अफरा-तफरी मच गई. गनीमत रही हादसे के दौरान वैन में सवार 6 बच्चियां सुरक्षित रही. हादसे में एक महिला स्टाफ के सिर में चोट आई है. वैन पंचवटी से बच्चों को लेकर जा रही थी. मौके पर मौजूद राहगीर तुरंत मदद के लिए भी वहां पहुंच गए. कोहेफिजा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है. हादसे में वैन के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. स्कूल वैन का चालक सुबह के समय जब बच्चियों को लेकर पंचवटी से कोहेफिजा की तरफ आ रहा था.



# एथेनॉल से भरे टैंकर में लगी आग

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 जुलाई. खजूरी सड़क थाना इलाके में भौरी बायपास पर खड़े टैंकर में गुरुवार को आग लग गई. टैंकर एथेनाल से भरा था. हादसे के दौरान किसी भी व्यक्ति के झुलसने की जानकारी सामने नहीं आई है.**

कैबिन में आग लगते देख लोगों ने तत्काल आग को बुझाया. आग को समय पर अगर नहीं बुझाया जाता तो हो सकता बड़ा हादसा हो सकता था. सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची. समय रहते आग को बुझाने से हादसा टल गया. आग केवल टैंकर के कैबिन तक ही सीमित रही.

# वन क्षेत्र में की जा रही है अवैध प्लाटिंग

- एनजीटी की रोक के बाद भी काटे जा रहे हैं पेड़
- टाइगर मूवमेंट क्षेत्र में शामिल है पहाड़ी



नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 9 जुलाई. राजधानी में एनजीटी के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए अकबरपुर पहाड़ी पर पेड़ों की अवैध कटाई जारी है. यह कार्य भू माफिया द्वारा किया जा रहा है. वहीं कुछ बिल्डरों द्वारा यहां प्लाटिंग, निर्माण कार्य भी किए जा रहे हैं. जबकि यह क्षेत्र पूर्व से ही टाइगर भ्रमण वाला घोषित है. इसलिए यहां पर निर्माण और पेड़ों की कटाई प्रतिबंधित है.**

अकबरपुर क्षेत्र की वन्य पहाड़ी पर हो रहे अवैध निर्माण में सैकड़ों की संख्या में विशाल पेड़ों की कटाई की गई है और अभी जारी है. पहाड़ की खुदाई के लिए जेसीबी और पोकलेन का उपयोग किया जा रहा है. इस कार्य को रुकवाने के लिए अकबरपुर और पर्यावरण प्रेमी भी पहुंचे थे लेकिन उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया. जिसकी शिकायत पुलिस और प्रशासन को वहां के रहवासियों ने की है.

### ढलान को समतल करने का काम जारी

मामला अकबरपुर ग्राम के सर्वे नंबर-3 का है. स्थानीय लोगों का दावा है कि यह सरकारी भूमि है, जहां बिना अनुमति बड़े पैमाने पर उत्खनन, पेड़ों की कटाई और ढलान को समतल करने का काम किया जा रहा है. रहवासियों का आरोप है कि इसके पीछे बिल्डर, भूमाफिया और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोगों का गठजोड़ सक्रिय है.

### एनजीटी के आदेश की अवहेलना

एनवायरमेंट एक्टीविस्ट राशिद नूर खान ने बताया कि इसी भूमि को लेकर पहले नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में शिकायत की जा चुकी है. एनजीटी ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा था कि सरकारी भूमि का कलेक्टर के माध्यम से राजस्व अभिलेखों के आधार पर सीमांकन कराया जाए. लेकिन न तो सीमांकन किया गया न ही उत्खनन पर रोक लगाई गई.

### 8 डिग्री ढलान वाली पहाड़ी पर निर्माण प्रतिबंध

रहवासी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि मास्टर प्लान के अनुसार आठ डिग्री से अधिक ढलान वाली पहाड़ियों पर निर्माण की अनुमति नहीं है, लेकिन इसके बावजूद पहाड़ी को काटकर प्लॉट तैयार किए जा रहे हैं. इससे प्राकृतिक ढलान खत्म हो रही है और बारिश के दौरान लैंड स्लाइडिंग का खतरा लगातार बढ़ रहा है.

### इनका कहना है...

शुक्रवार को तहसीलदार दल के साथ जाकर मौके का निरीक्षण कर जांच करेंगे .उसके बाद कार्रवाई की जाएगी. बाघ भ्रमण वाले वन क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग नहीं होने दी जाएगी. गुरुवार को विशेष जनसुनवाई के चलते कार्रवाई नहीं की जा सकी.

**- पीसी पांडे, एसडीएम कोलार**

बैठक ▸ स्कूलों से पढ़ाई छोड़ने वालों का डेटा होगा पोर्टल पर दर्ज

# जिले में स्कूलों की निगरानी करेगा कंट्रोल कमांड रूम

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 9 जुलाई. शहर की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए अब जिला स्तर पर एक अत्याधुनिक कंट्रोल कमांड रूम स्थापित किया जाएगा.**

यह बात कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गुरुवार को सांदीपनी विद्यालय टीटी नगर में समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा करते हुए कही. बैठक के बाद कलेक्टर ने कक्षाओं का निरीक्षण किया और छात्राओं के साथ भोजन कर संवाद किया.



बैठक में कलेक्टर ने जिले में सेंट्रलाइज्ड एजुकेशन मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत कंट्रोल कमांड रूम बनाने की बात कही है. जिससे स्कूलों की हर गतिविधि पर नजर रखी जा सकेगी. वहीं स्कूलों में सभी छात्र-छात्राओं की अपार आईडी को भी अनिवार्य कर दिया गया है. अब स्कूलों से पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों का सही डेटा भी पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा. इसके अतिरिक्त समस्याओं के तुरंत समाधान के लिए एसडीएम और जिला शिक्षा अधिकारी नोडल बनाए जायेंगे. साथ ही स्कूली वाहनों की सुरक्षा के लिए पुलिस और आरटीओ की चेकिंग भी सुनिश्चित की गई है. जिसके तहत बसों में पैनिक बटन, सीसीटीवी कैमरे और ड्राइवरों का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट भी अनिवार्य होगी.

> बैठक में कलेक्टर ने नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को पढ़ाई के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार उन्मुखन पुर जोर देने की बात कही है. जिसके तहत अटल टिंकरिंग लैब को भी पूरी तरह सक्रिय किया जाएगा. स्कूलों में सोलर सिस्टम लगाने, शिक्षकों को आधुनिक प्रशिक्षण देने और पीएम पोषण योजना के तहत भोजन की गुणवत्ता पर सुधार लाने पर निर्देश जारी किया है. बैठक में पुलिस विभाग की ओर से बताया गया कि 'सृजन संवाद' कार्यक्रम के जरिए कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को अपराधों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है.